नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी
स्थापित 2005 ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 08.08.2022

प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में वाणिज्य विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत वीर सैनिकों को समर्पित राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हाथ से बनी हुई राखी एवं रक्षाबन्धन शुभकामना कार्ड को प्रदर्शनी में शामिल कर विक्रय किया गया। राखी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उप प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में विक्रय प्रबन्धन व विक्रय कला का विकास होता है और राष्ट्र प्रेम की भावना जागृति होती है। प्रदर्शनी से प्राप्त आय में से सैनिक कल्याण कोष में राशि आवंटित की गई। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यवसाय व व्यापार की समझ को विकसित करना व राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करना है। प्रदर्शनी में डिजिटल इंडिया के तहत मूल्य को आनलाइन भुगतान करने की भी व्यवस्था का इंतजाम किया गया। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया राखी व रक्षाबन्धन शुभकामना कार्ड को विक्रय किया और प्रदर्शनी में आयोजित करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया। वाणिज्य विभाग प्रभारी श्री नन्दन शर्मा ने प्रदर्शनी का समापन करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

(डॉ. सुधा शुक्ल)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी